ग्राम पंचायत चांदो में रा. से. यो. का... पृष्ठ 2 | शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


सोमवार, 18 नवंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 36, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री



## खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिबद्ध

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के मोवा स्थित आई स्पोर्टज़् बैडमिंटन अरीना में आयोजित सीएम ट्राफी इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और बेहतर खेल अधो-संरचनाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी को 3 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता को 2 करोड़ व कांस्य पदक विजेता को एक करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी । मुख्यमंत्री श्री साय ने सीएम ट्राफी इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा 2024 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ में बैडमिंटन का यह टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 10 देशों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एकता, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। यह युवाओं को सकारात्मक और ऊर्जावान बनाता है। भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। छत्तीसगढ़ में हम लगातार खेलों को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारे राज्य में अनेक प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। भारत सरकार की खेलो-इंडिया योजना को भी हम छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में लागू कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी मुझे अवसर मिलता है। मैं खिलाड़ियों से बातचीत करके उनकी अपेक्षाओं को जानने समझने का प्रयास करता हूं। उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें प्रोत्साहित करता हूं। कल ही मैंने धमतरी की बैडमिंटन खिलाड़ी रीतिका ध्रुव से वीडियो कॉल पर बात करके राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें मिली उपलब्धियों के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीतिका ने मुझे बताया कि उनके पिता जीवन-यापन के लिए मजदूरी करते हैं और मां आंगनवाड़ी सहायिका हैं। संघर्षों के बावजूद रीतिका ने बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन किया है। मैंने रितिका को आश्वस्त किया कि आप खूब आगे बढ़िये और अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करिये। हम आपका पूरा सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इसी तरह कुछ दिन पहले भी छत्तीसगढ़ की एक पर्वतारोही बिटिया निशा से मैंने फोन पर बात की। निशा पूर्वी-अफ्रीकी देश तंजनिया का किलीमंजारों पर्वत फतह करना चाहती है। वह माउंट एवेरेस्ट भी फतह करना चाहती है। उसके पिता रिक्शा-चालक हैं। मुझे पता चला कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से वह बेटी पर्वतारोहण के लिए नहीं जा पा रही है। मैंने उसे सरकार की ओर से सभी तरह के सहयोग का भरोसा दिया और कल मैंने पौने चार लाख की राशि निशा बेटी के लिए स्वीकृत कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। बैडमिंटन के क्षेत्र में खिलाड़ी आगे बढ़ें इसके लिए भी हम सभी सुविधाएं देंगे।



मुख्यमंत्री ने मेंस डबल्स विजेता श्री हरिहरन व श्री रुबन कुमार को बधाई दी। उन्होंने सीएम ट्राफी इंडिया इंटरनेशनल चौलेंज बैडमिंटन स्पर्धा 2024 के सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को भी बधाई दी। मुख्यमंत्री ने विदेश से आए खिलाड़ियों और उनकी टीम के सभी सदस्यों का छत्तीसगढ़ में स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विक्रम सिसोदिया, महासचिव श्री संजय मिश्रा, श्री राकेश शेखर, श्री गौतम महंता सहित बैडमिंटन संघ के पदाधिकारीगण, खिलाड़ी व बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा भवन कौरिन भांठा मे रायपुर निवासी एस दुर्गा ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक श्री ललित तिवारी अपनी धर्मपत्नी श्रीमती संगीता तिवारी के द्वारा बेल का पेड़ लगाया गया।

## राहुल यादव का सब इंस्पेक्टर एस आई में चयन



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** फारेस्ट कालोनी डोंगरगांव तथा वर्तमान निवासी भरकापारा राजनादगांव के राहुल कुमार यादव पिता नील श्याम यादव का चयन पुलिस उप निरीक्षक (एसआई) के पद पर हुआ है। राहुल के इस सफलता पर फारेस्ट कालोनी व यादव परिवार तथा क्षेत्र में खुशी की लहर है। बड़े भाई वनरक्षक मनीष कुमार यादव ने बताया है कि राहुल बचपन से ही मेधावी व होनहार रहा हैं। उसकी स्नातक की पढ़ाई दिग्विजय कालेज राजनांदगांव में की साथ ही राजनांदगाव से कंप्यूटर में आईटीआई भी किया है। राहुल ने अपने सफलता का श्रेय माता-पिता, और बड़े, भाई , गुरुजनों एवं अपने मित्र को दिया है।एसआई के अलावा अभी पीएससी की तैयारी कर रही है तथा प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करके राज्य प्रशासनिक सेवा का अफसर बनना लक्ष्य है । राहुल की सफलता पर फारेस्ट कालोनी और डोंगरगांव तथा राजनादगांव से जुड़े मित्रो ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु तैयारी प्रारंभ

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु तैयारी करना प्रारंभ कर लिया है। इस हेतु जिला कलेक्टर के साथ मीटिंग भी जा रही है। चुनाव संपन्न कराने हेतु मतदाता सूची का महत्वपूर्ण स्थान होता है। अत: मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन करते हुए 1अक्टूबर 2024 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु दावा -आपत्ति के लिए निम्नानुसार संशोधित तिथियाँ सुनिश्चित की गई है। नगरीय निकाय हेतु मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने, संशोधन, विलोपन हेतु दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 24 नवंबर तथा प्ररूप क-1 में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर है तथा त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 20 नवंबर तथा प्ररूप क-1 में आवेदन हेतु अंतिम तिथि 27 नवंबर है।

# चिखली में बना मानिकपुरी समाज के लिए सामुदायिक भवन, महापौर ने किया लोकार्पण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम द्वारा विभिन्न समाजो के लिये सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया, इसी कडी में वार्ड नं. 6 चिखली दीनदयाल नगर में महापौर निधि अंतर्गत 05 लाख रूपये की लागत से मानिकपुरी समाज के लिये निर्मित भवन का आज आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, युवा नेता व पार्षद प्रतिनिधि श्री आसिफअली, समाज के न्यायधीश मंहत अमर दास मोगरे, महंत भीखम दास, संरक्षण अंजोर दास, जिला संयोजक ज्ञान दास, शहर ईकाइ के अध्यक्ष पूरन दास मानिकपुरी सहित सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा एवं अन्य मद से विभिन्न समाजो के लिये समाजिक भवन का निर्माण नगर निगम द्वारा किया गया। मानिकपुरी समाज की मांग पर महापौर निधि से उनके समाज के लिये भी चिखली में भवन का निर्माण हुआ, जिसका आज लोकापर्मण किया जा रहा है। भवन बनने से अब विभिन्न आयोजन समाज के द्वारा स्वयं के भवन में किया जावेगा। उन्होंने कहा कि मानिकपुरी समाज भी अन्य समाज की तरह उन्नति की ओर अग्रसर है। समाज के निम्न वर्ग के लोगों की चिंता होनी चाहिये, तभी समाज आगे बढेगा। समाज के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना सहित भवन के लिये पुन: बधाई देती हूॅ। लोकार्पण के पूर्व महापौर का मानिकपुरी समाज के दिशा मानिकपुरी, अमृता मानिकपुरी, रामकुवर बाई, धरेश्वर दास, ओमन दास, मनीष दास, राजेश दास, अमोद दास, मेवा दास, शंकर दास बघेल, अंकालू दास, सागर दास, पोषण दास ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात महापौर ने विधिवत भवन का लोकार्पण किया। समाज के पदाधिकारियों ने महापौर का भवन निर्माण के लिये आभार व्यक्त कर, इसी प्रकार समाज को सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर सहित समाज के लोग उपस्थित थे।



# 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

## विभिन्न राज्यों व संस्थाओं की बॉस्केटबॉल टीम पहुंची संस्कारधानी

**खेल प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभांरभ समारोह का आयोजन 18 नवम्बर 2024 को सुबह 10 बजे दिग्जिवय स्टेडियम किया गया है। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता घासी साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती हेमा देशमुख द्वारा किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि के




रूप में पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री विक्रांत सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति श्री खूबचंद पारख, पूर्व अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास श्री संतोष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत श्री भरत वर्मा, पूर्व चेयरमेन छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन श्री नीलू शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष कृषि उपज मण्डी श्री कोमल सिंह राजपूत एवं समाजसेवी श्री राजेन्द्र गोलछा उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक 14 वर्ष व 17 वर्ष एवं बालिका 14 वर्ष के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए विभिन्न राज्यों व संस्थाओं की टीम संस्कारधानी पहुंच गई हैं। प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। आयोजन समिति द्वारा खेल प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है।

## भारत ने हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण, रक्षा मंत्री ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के तट से एक लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। रविवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस सफलता ने भारत को उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल कर दिया है, जो इस तरह की उन्नत और जटिल सैन्य तकनीक में सक्षम हैं। यह परीक्षण डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया, जहां डीआरडीओ और सशस्त्र बलों के वरिष्ठ वैज्ञानिक मौजूद थे। रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों और इंडस्ट्री को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। राजनाथ सिंह ने अपने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, भारत ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।



# नाइजीरिया में सत्रहवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हुये पीएम नरेन्द्र मोदी

अरविन्द तिवारी

**अबुजा ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तड़के सुबह नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में नाइजीरिया की राजधानी अबुजा पहुंचे। इस दौरान अबुजा हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर संघीय राजधानी क्षेत्र के मंत्री नेसोम एजेनवो विके ने गर्मजोशी से पीएम मोदी का स्वागत किया और उन्हें प्रतीकात्मक रूप में विश्वास और सम्मान के प्रतीक अबुजा के 'शहर की चाबी भेंट' की। यहां मौजूद भारतीय प्रवासियों ने मोदी - मोदी के साथ - साथ भारत माता की जय और वन्दे मातरम के नारे लगाते हुये ढोल-नगाड़ों के साथ भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत किया , लड़कियों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किये। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।? पारंपरिक परिधान पहने भारतीय समुदाय के लोगों ने हाथों में तिरंगा थाम रखा था , इस दौरान कुछ लोगों ने पीएम मोदी का ऑटोग्राफ भी लिया। पीएम मोदी के स्वागत में पहुंचे भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य रमेश मलिक ने कहा कि इतने सालों बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री नाइजीरिया आया है। हमें प्रधानमंत्री मोदी से बहुत उम्मीदें हैं , क्योंकि भारत-नाइजीरिया संबंधों को बेहतर बनाने की जरूरत है। हमें उम्मीद है कि उनकी यात्रा से कोई सार्थक परिणाम निकलेगा। वहीं भारतीय प्रवासियों की एक अन्य सदस्य रितु अग्रवाल ने बताया - पीएम मोदी ने कहा कि मेरी ड्राइंग बहुत अच्छी है और उन्होंने मुझसे पेन लेकर अपनी तस्वीर पर हस्ताक्षर किये। नाइजीरिया पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर यहां के राष्ट्रपति टीनूबू को धन्यवाद देते हुये कहा कि कुछ समय पहले नाइजीरिया आया हूँ। स्नेहपूर्ण स्वागत के लिये धन्यवाद। हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय मित्रता को यह यात्रा मजबूत करना मेरा लक्ष्य है। नाइजीरिया में भारतीय समुदाय द्वारा इतना गर्मजोशी से स्वागत किया जाना दिल को छू लेने वाला है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई है। अफ्रीकी देश नाइजीरिया के दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी को नाइजीरिया ने अपने पुरस्कार - द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से सम्मानित किया है। इससे पहले यह सम्मान सिर्फ महारानी एलिजाबेथ को ही मिला है , ऐसे में पीएम मोदी यह सम्मान पाने वाले दूसरे विदेशी नेता हैं। ब्रिटेन की महारानी को वर्ष 1969 में यह पुरस्कार दिया गया था। यह किसी देश की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाने वाला सत्रहवां अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है। पुरस्कार हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं नाइजीरिया के राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रैंड कमांडर ऑफ़ द ऑर्डर ऑफ़ द नाइजर के लिये आपका , नाइजीरिया की सरकार और यहां के लोगों का हृदय से



आभार व्यक्त करता हूं। मैं इस सम्मान को विनम्रता और आदर के साथ स्वीकार करता हूं। मैं यह सम्मान एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों और भारत-नाइजीरिया की गहरी मित्रता को समर्पित करता हूं।बताते चलें पीएम मोदी पश्चिम अफ्रीका के मुस्लिम देश नाइजीरिया की यात्रा पर पहुंचे हैं। सत्रह साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का नाइजीरिया दौरा हो रहा है , इसके पहले वर्ष 2007 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह नाइजीरिया की यात्रा पर गये थे। अपनी विदेश यात्रा के महत्वपूर्ण उद्देश्य के तहत पीएम मोदी आज भारत-नाइजीरिया के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने , खासकर व्यापार और निवेश के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। दोनों देशों के बीच ऊर्जा , स्वास्थ्य , कृषि और डिजिटल क्षेत्र में साझेदारी को बढ़ावा देने की संभावना है। इसके बाद प्रधानमंत्री राजधानी अबुजा में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी की ये यात्रा 16 नवंबर से 21 नवंबर तक चलेगी। इस दौरान वे नाइजीरिया के अलावा ब्राजील और गुयाना भी जायेंगे , नाइजीरिया के बाद पीएम मोदी ब्राजील पहुंचेंगे जहां वे उन्नीसवें जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे और उसके बाद वह गुयाना पहुंचेंगे। उल्लेखनीय है कि पांच दशक बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली दक्षिण अमेरिकी देश की यात्रा है। ऐसा माना जा रहा है कि आर्थिक रूप से संपन्न अफ्रीकी देशों में से एक नाइजीरिया और भारत काफी मधुर है। पीएम मोदी की इस यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक और सैन्य सहयोग के नये युग की शुरुआत हो सकती है।

**नाइजीरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी हमारी उच्च प्राथमिकता - प्रधानमंत्री मोदी**

प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता से पहले भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्थानीय राष्ट्रपति टीनूबू ने राष्ट्रपति भवन में आमने - सामने बैठक की। इस दौरान सबसे पहले प्रधानमंत्री का औपचारिक स्वागत भी किया गया। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम नाइजीरिया के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को सबसे अधिक प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बीच रक्षा , ऊर्जा , वित्तीय मुद्दे , प्रौद्योगिकी , स्वास्थ्य , शिक्षा और संस्कृति जैसे कई क्षेत्रों में मजबूत सहयोग है। हमारे संबंधों से कई नई संभावनायें जुड़ी हैं जो रक्षा , उर्जा और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ाने की दिशा में काम करेगा।अबुजा में बैठक के दौरान अपने उद्घाटन भाषण में पीएम मोदी ने आतंकवाद , अलगाववाद , समुद्री डकैती और मादक पदार्थों की तस्करी को प्रमुख चुनौतियों के रूप में पहचाना और कहा कि दोनों देश इनसे निपटने के लिये मिलकर काम करना जारी रखेंगे।प्रधानमंत्री ने कहा - हम नाइजीरिया के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को उच्च प्राथमिकता देते हैं , मुझे विश्वास है कि हमारी वार्ता के बाद हमारे संबंधों में एक नया अध्याय शुरू होगा। मोदी ने लगभग साठ हजार की संख्या वाले भारतीय प्रवासी समुदाय को भारत-नाइजीरिया संबंधों का एक प्रमुख स्तम्भ बताया और उनके कल्याण को सुनिश्चित करने के लिये राष्ट्रपति टीनूबू को धन्यवाद दिया। वहीं प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि भारत पिछले महीने बाढ़ से प्रभावित नाइजीरियाई लोगों के लिये बीस टन राहत सामग्री भेज रहा है। उन्होंने पिछले साल भारत द्वारा आयोजित जी -20 शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ के जी -20 का स्थायी सदस्य बनने का भी उल्लेख किया और इसे एक महत्वपूर्ण परिणाम बताया।

# ग्राम पंचायत चांदो में रा. से. यो. का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रियांकी गजभिये प्रभारी (बालिका इकाई) डॉ.आशाराम साहू प्रभारी(बालक) के संयोजन में रा.से.यो. स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम पंचायत चांदो में 6 नवंबर से 12 नवंबर तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया था जिसका उद्घाटन महाविद्यालयीन प्राचार्य मुख्य अतिथि डॉ. बी. एन. मेश्राम के द्वारा किया गया!इस उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के सहा. प्राध्यापक डॉ.ए .के. धमगाए , डॉ. चेतन साहू भी उपस्थित थे विशेष सहयोगी के रूप में संध्या मेश्राम (अतिथि व्याख्याता) श्रीरामचंद्र भार्गव ( जनभागीदारीशिक्षक) डोंगरगांव भी उपस्थित थे, ग्राम पंचायत के सरपंच चुरामन नायक, ग्राम पटेल माणिकलाल,ग्राम अध्यक्ष ढालचंद साहू, माध्यमिक शाला चांदो के शिक्षक गण में बसंत कुमार सिंह,राजेश कुमार देवांगन,अमित गोसाई तथा अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे ।

शिविर संचालन हेतु शिविर नायक सत्यम वैष्णव व उपशिविर नायक देवनारायण माली को बनाया गया, पुनीता साहू उपशिविर नायिका के रूप में चुनी गई, सायंकालीन समीक्षा बैठक में होरीलाल साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी छुरिया भी उपस्थित रहे ,वरिष्ठ स्वयं सेवकों में यशवन्त कुमार नायक,दानेश्वर साहू, हिमांशु अहीर , हिमाचल साहू भी उपस्थित थे साथ ही दल गठन कर विभिन्न समितियों का दायित्व स्वयंसेवकों को सौंपा गया ! विशेष शिविर के द्वितीय दिवस 7 नवंबर को बौद्धिक परिचर्चा सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री फूलबासन बाई यादव, खिलेश्वरी साहू महिला उद्यमी (स्वयं सहायता समूह ), करुणा रावटे कार्यक्रम अधिकारी डी एम वी राजनांदगांव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी। फूलबासन यादव ने अपने जीवन से जुड़ी अनेक प्रेरक प्रसंगों से बच्चों को अवगत कराया साथ ही कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम से जुड़ी रोचक किस्सों को भी साझा किए कार्यक्रम में ग्राम सरपंच अन्य पंचायत प्रतिनिधिगण, वरिष्ठ ग्रामीणजन, महिला समूह की ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहे 8 नवंबर कोतृतीय दिवस की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.. मेश्राम ने की जिसमें बौद्धिक परिचर्चा के लिए विशेष वक्ता के रूप में भूपेंद्र कुलदीप जी कुलसचिव, डॉ.आर.पी.अग्रवाल पूर्व रा. से.यो. समन्वयक हेमचंद यादव विश्व विद्यालय दुर्ग, डॉ.वीरेंद्र साहू बाल विकास परियोजना अधिकारी डोंगरगांव थे इस दिन की बौद्धिक परिचर्चा में कुलसचिव ने जीवन से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने अनुभव रा. से. यो. के स्वयंसेवकों से साझा किया, डॉ.



अग्रवाल ने बच्चों को रा. से. यो. के उद्देश्य एवं उसके महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए! जिला संगठक मोनिका दास ने रात्रि में शिविरार्थियों से भेंटकर व्यवस्था का जायजा भी लिया!

9 को चतुर्थ दिवस की बौद्धिक परिचर्चा में सुशील गजभिए वित्त अधिकारी हेमचंद यादव विश्व विद्यालय दुर्ग मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. चेतन साहू सहायक प्राध्यापक महाविद्यालय डोंगरगांव थे !गजभिए द्वारा बौद्धिक परिचर्चा सत्र में रा.से.यो.के स्वयंसेवकों से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई । रासेयो स्वयंसेवक के रूप में अपने अनुभवों को साझा करते हुए जीवन में इसका महत्व बताया। रा. से.यो. को विद्यार्थियो के व्यक्तित्व निर्माण का सर्वश्रेष्ठ मंच बताया । अपनी देशभक्ति और छत्तीसगढ़ी कविताओं के माध्यम से स्वयंसेवकों में ऊर्जा का संचार किया। डॉ.सी. के. साहू द्वारा कृषि से संबंधित विभिन्न शब्दावली पर चर्चा की साथ ही गणित के दैनिक जीवन में महत्व पर अपने विचार रखे। शिविर के प्रतिभागी स्वयंसेवकों द्वारा भी राष्ट्रीय सेवा योजना से संबद्ध विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे गए! 10 को बौद्धिक परिचर्चा सत्र में डॉ. एस. आर. कन्नौजे कार्यक्रम अधिकारी शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव मुख्य अतिथि के द्वारा रा. से. यो. के उद्देश्य एवं पर्यावरण संरक्षण पर विचार साझा किये गए, इसी कड़ी में शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव से रेणुका ठाकुर, चंचल स्टेला कुजुर, मन्नूलाल नायक ने भी विभिन्न विषयों पर विचार रखे! परियोजना कार्य के तहत स्वयंसेवकों द्वारा दीवार पर नारा लेखन किया गया साथ ही रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता,नशा मुक्ति,मतदाता जागरूकता,साइबर क्राइम पर जागरुक करने का प्रयास किया गया, लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना गया गांव में जल निकासी हेतु नाली का निर्माण भी किया गया!

11 को षष्ठम दिवस की बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि हुमन लाल कंवर ने स्वास्थ्य के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए इसी कड़ी में परमेश्वर सहारे ने भी जीवन में निरोग कैसे रहे इस पर गंभीरता से चर्चा की! रतिराम साहू ने खानपान में सावधानी बरतने की बात कही ! डोंगरगांव महाविद्यालय से पधारे ग्रंथपाल गौतम कुमार नेताम ने पुस्तकों की जीवन में उपयोगिता पर अपने विचार रखे! सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन 12 को किया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ..मेश्राम ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत चांदो के सरपंच चुरामन नायक उपस्थित थे वही विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय डोंगरगांव से डॉ. ए.के.धमगाये,डॉ.सी.के. साहू शामिल हुए कार्यक्रम अधिकारी ( छात्रा इकाई) प्रो.प्रियांकी गजभिए ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पूरे सात दिनों की गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की!

प्राचार्य ने कार्यक्रम अधिकारियों के साथ साथ सभी स्वयं सेवियों को सफलतापूर्वक शिविर की सम्पन्नता पर बधाई दी तथा सरपंच नायक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार व्यक्त किया तत्पश्चात सभी दलों से विशेष कार्य करने वाले दल प्रमुखों एवं सदस्यों को पुरस्कृत किया और प्रमाण पत्र भी दिए गए! शिविर में विशेष सहयोग के लिए रामचंद्र भार्गव,संध्या मेश्राम को डायरी एवं पेन से सम्मानित किया गया! इसी कड़ी में वरिष्ठ स्वयं सेवक यशवंत कुमार नायक,दानेश्वर साहू,हिमांशु अहीर को भी सम्मानित किया गया! सरपंच श्री नायक को विशेष सहयोग एवं व्यवस्था के लिए प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया! शिविर नायक ,उपशिविर नायक ,उपशिविर नायिका को शिविर की सफलता पर बधाई दी गई,अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आशाराम साहू ( प्रभारी)द्वारा सभी ग्रामवासियों, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चांदो के सभी शिक्षकों को भी धन्यवाद ज्ञापित करते आभार प्रकट किया गया,सभी स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं को सात दिवसीय विशेष शिविर की सफलता पूर्वक समापन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## महापौर की लापरवाही के चलते वार्ड क्रमांक 07, रामनगर की सफाई व्यवस्था बदहाल: अंकित गढ़वाल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नेता श्री अंकित गढ़वाल ने आज वार्ड क्रमांक 07,



रामनगर की बदहाल सफाई व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। श्री गढ़वाल ने कहा कि यह स्थिति महापौर की लापरवाही और नगर निगम प्रशासन की निष्क्रियता का परिणाम है। रामनगर क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, सड़कों और गलियों में कचरे का ढेर स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन गया है। नियमित सफाई न होने के कारण मच्छरों और अन्य बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे निवासियों में आक्रोश व्याप्त है। श्री गढ़वाल ने महापौर पर आरोप लगाया कि स्वच्छता को लेकर किए गए वादे महज खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रामनगर जैसे वार्डों में सफाई की स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। श्री गढ़वाल ने मांग की है कि महापौर तत्काल प्रभाव से इस समस्या का समाधान करें और सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो भाजयुमो स्थानीय स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का लाभ देने वार्डो में 18 नवम्बर से शिविर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 द्वितीय चरण के क्रियान्वन के लिये वार्डो में 18 ,21 व 27 नवम्बर 2024 को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में वार्ड के संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण (रैपिड एसेसमेंट सर्वे) किये जाने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ देने वार्डो में 18,21 व 27 नवम्बर 2024 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वार्ड नं. 1,2,3,4 व 8 के लिये मोतीपुर सामुदायिक भवन में, वार्ड नं. 5 व 6 के लिये चिखली स्कूल में, वार्ड नं. 7,9 व 10 के लिये शंकरपुर हास्पिटल सामुदायिक भवन में, वार्ड नं. 11,12 व 13 के लिये गौरी नगर स्कूल में, वार्ड नं. 14 व 15 के लिये नगर निगम टाउन हाल में, वार्ड नं. 16,17,18 व 19 के लिये ठा.प्यारेलाल स्कूल में, वार्ड नं. 20,21 व 22 के लिये रेवाडीह स्कूल सामुदायिक भवन में, वार्ड नं. 42,43 व 46 के लिये फिरंतीन मंदिर के पास सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार वार्ड नं. 23,44 व 45 के लिये कौरिनभाठा मंच में, वार्ड नं. 24,25 व 26 के लिये गांधी सभागृह में, वार्ड नं. 27,28 व 29 के लिये भरकापारा स्कूल में, नल घर मोहारा में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में लगे अधिकारी कर्मचारी संभवित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण कर कार्यवाही करेंगे।

## छत्तीसगढ़ मछुआरा सम्मेलन 21 नवम्बर को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ कल्याण समिति रायपुर पं.क्र.-2577 कार्यालय कृष्णा वाटिका, हर्ष टावर के सामने, देवपुरी, रायपुर छत्तीसगढ़ मछुआरा समाज (केवट, ढीमर, कहार, कहरा, मल्लाह) के एकीकृत मंच विश्व मत्स्यिकी दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री एम आर निषाद जी छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ के नेतृत्व व श्री कुंवरसिंह निषाद जी प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज, विधायक गुण्डरदेही के संयोजन में मछुआरा सम्मेलन कार्यक्रम बाजपेयी मैदान, प्रताप चौक, तिलक नगर, राम मंदिर के सामने, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ के बैनर तले 21 नवंबर 2024, गुरूवार को प्रात: 11.30 बजे से आयोजित होगा । विदित हो कि मछुआ महासंघ प्रारंभ से ही अपनी दो प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलनरत है जिसमें पहली मांग कांग्रेस के शासनकाल में नवीन मछली नीति कृषि को दर्जा के साथ लागू हो चुका है और हमारी दूसरी महत्वपूर्ण मांग मछुआरा समाज के केवट, धीवर, कहार, कहरा, मल्लाह जाति को अनुसूचित जनजाति को दर्जा दिलाना पूर्व में 8 मई 2008 को पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा अपने कैबिनेट में उक्त जातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने संबंधी प्रस्ताव पारित कर केन्द्र शासन को भेजा था किंतु गलत निरजाति सर्वेक्षण रिपोर्ट भेजे जाने के कारण केन्द्र शासन द्वारा पुन: सुधार के लिए वर्ष 2009 में छत्तीसगढ़ शासन को वापिस किया गया था जिसे सुधार कर तत्कालिक सरकार से दोबारा भेजने के लिए आग्रह किया गया किंतु छत्तीसगढ़ शासन से रिपोर्ट नहीं जाने के कारण आज भी प्रकरण लंबित है। 7 जनवरी 1950 को भारत शासन द्वारा प्रकाशित राजपत्र में माझी के अंतर्गत केवट, मल्लाह, भोई, ढीमर को संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप आरक्षण दिया गया था। जिसे बाद में विलोपित कर दिया गया ।

## विद्यार्थियों ने ग्राम धामनसरा में रासायनिक दावों की विषैलेपन तथा फसलों की सीजनल कैलेंडर का प्रदर्शन किया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पराली नहीं जलाने संदेश कालेज छात्र पंडित शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी के विद्यार्थियों ने ग्राम धामनसरा में दिनांक 17 नवंबर को पराली ना



जलाने के फायदे, रासायनिक दावों की विषैलेपन तथा फसलों की सीजनल कैलेंडर का प्रदर्शन किया। चौथे वर्ष के छात्रों ने किसानों के लिए एक अनोखी पहल करते हुए इससे वायु प्रदूषण की समस्या से बचाओ, जो पराली जलाने के कारण उत्पन्न होती है। पराली को संसाधन के रूप में उपयोग करने से न केवल किसानों को लाभ होगा, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन और मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने में भी सहायक होगा। इस कार्यक्रम को अधीक्षता डॉ. जयलक्ष्मी गंगुली के मार्गदर्शन में किया गया है जिसका कार्यान्वयन विद्यार्थी तुषार, भूपेंद्र, लयदिप्य,विवेक, राहुल, डीलेन्द्र, घनश्याम, ओंकार, प्रणय, विनीता, मिली रामकरण, दीपा, दुष्यंत, वंदना, जीत, खुशी, नंदलाल, नीलू द्वारा किया गया।

## रॉयल कॉलेज में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)** । 13 नवंबर को रॉयल कॉलेज लालबाग में जनजाति गौरव दिवस को समर्पित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई । जिसमे वक्ता के रूप में श्री राजेश खांडेकर व डॉ.शिवाजी लिमजे सम्मिलित हुए और जनजातीय जननायको एवं जनजातीय समाज



का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक , सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान के बारे में जानकारी दी। जिसके पश्चात दिनांक 14 नवंबर को रॉयल कॉलेज में बहुत ही शानदार रूप से जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया जिसमें रॉयल कॉलेज के प्रशिक्षार्थी जनजाति वेशभूषा में सम्मिलित हुए और इसके साथ - साथ कार्यक्रम में शस्त्र व चलचित्र प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम की व्यवस्था रॉयल कॉलेज के छात्र संघ अध्यक्ष खिलेंद्र नायक और उनकी टीम ने संभाली । कार्यक्रम में टोमन लाल और सपना ठाकुर ने उद्घोषक की भूमिका निभाई और साथ ही साथ जनजाति समुदाय के प्रशिक्षार्थियों ने भी अपनी भागीदारी दी । इस कार्यक्रम के संयोजक श्री मायाशंकर नारंग जी रहे । मुख्य अतिथि के रूप में गोंडवाना यूथ क्लब के अध्यक्ष श्री नरेंद्र मंडावी, उपाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र मंडावी, सचिव श्री सेवक उईके सम्मिलित हुए । इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, जन्मजय बहादुर सिंह, बरसर आई.के. वैष्णव, श्रीमती इला सिंह (एचओडी), डॉ. अनुराधा शुक्ला प्राचार्य, डॉ. यामिनी साहू उप-प्राचार्य, डॉ. संध्या मोहबे, एम. एस. नारंग, श्रीमती रागिनी सरजारे, श्रीमती घनेश्वरी साहू, डॉ. जागेश्वरी साहू, सुनील कुमार भट्टाचार्य, पी.एल. महोबे एवं श्रीमती शशिकला सिंह उपस्थित रहे एवं अपनी शुभकामनाएँ प्रदान की।

## जनजातीय गौरव दिवस पर नीलकंठ कोमरे सम्मानित हुए

### जनजातीय समुदाय में शिक्षा के अलख जगाने के लिए सम्मानित हुए



**अम्बागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** जनजातीय गौरव दिवस पर नीलकंठ कोमरे शिक्षा के क्षेत्र जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाने,नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, प्रयास विद्यालय में सैकड़ो विद्यार्थियों का चयनित करने के मुख्य अतिथि विक्रम उसेंडी विधायक अंतागढ़ ,अध्यक्षता गीता घांसी साहू जिला पंचायत अध्यक्ष राजनांदगांव, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, जिला पुलिस अधिकारी यशपाल सिंह द्वारा सम्मानित हुए।*जनजातीय समुदाय में उल्लेखनीय योगदान के नीलकंठ कोमरे का सम्मान किया इस कार्यक्रम बैगाओं समाज प्रबुद्ध नागरिक का जिला प्रशासन द्वारा सभी को सम्मानित किए गया।

### सप्ताह के सितारे (18 नवंबर 2024)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 3- 5- 7 - 9 | 35-53-39-93-59-95 |
| मंगल | 4- 5 - 7 - 8 | 45-54-48-84-58-85 |
| बुध | 3- 4 - 9 - 0 | 34-43-30-03-90-09 |
| गुरू | 2- 5 - 8 - 0 | 50-05-80-08-38-83 |
| शुक्र | 1 - 3 - 4 - 0 | 49-94-40-04-36-63 |
| शनि | 1 - 3 - 8- 9 | 89-98-13-31-19-91 |

अंकों का बादशाह -8 सप्ताह में अचूक 1 - 2 - 6 - 7

सप्ताह का वरदान -4 स्पेशल - 14- 25 -68 -78

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 11 - 12 - 16 - 17 | (6) 61 - 62 - 66- 67 |
| (2) 21 - 22 - 26 - 27 | (7) 71 - 72 - 76 - 77 |
| (3) 31 - 32 - 36 - 37 | (8) 81 - 82 - 86 - 87 |
| (4) 41 - 42 - 46 - 47 | (9) 91 - 92 - 96 - 97 |
| (5) 51 - 52 - 56 - 57 | (10) 01 - 02 - 06 - 07 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 91-35-82-53-56-07 | 11-04-45-01-33 |
| 62-10-49-51-19-56 | 43-42-21-29-18 |
| **_**_**_**_**_* | **_**_**_**_** |
| **-**-80-52-84-87 | **-**-11-95-94 |
| 51-91-41-57-19-95 | 58-44-72-30-31 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

## खेलो से प्रतिभा निखरती और बिखरती है - लक्ष्मीचंद जैन



**जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)।** शारीरिक और मानसिक विकास का सशक्त माध्यम खेल होता है, हम यदि प्रतिदिन आधा से एक घंटा का समय खेलो में दे तो निश्चय ही हम शारीरिक रूप से फिट होते है, वही शारीरिक अभयास से हमारा मस्तिष्क भी तनाव मुक्त हो जाता है उक्ताशय के उद्गार समाजसेवी व उमरवाही निवासी लक्ष्मीचंद जैन ने ग्राम जोंधरा में आयोजित ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त यि इन्होने कहा कि कबड्डी प्राचीन समयसे ही ग्रामों में खेले जाने वाला खेल है और अत्यन्त ही जोश और जुनून से भरा होता है पर अब कबड्डी को भी ओलम्पिक जैसे खेलो के महाकुंभ में शामिल कर लिया गया है। उन्होने कहा कि इस तरह के आयोजनो से ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा निखरती और बिखरती है उन्होने आयोजक समिति को इसके लिए साधुवाद प्रदान किया साथ ही उन्होने विश्वास दिलाया ि कवे इस तरह के प्रत्येक आयोजनों में वे हमेशा सहभागी रहेंगे । वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत के सचिव बलीराम केराम ने कहा कि खेल चाहे जो भी हो, प्रत्येक खेलो के अपने अपने नियम होते है। जिसमे किसी भी एक टीम को जीत तो दूसरी को हार का सामना करना पड़ता है। हारने वाली टीम को निराश होने की आवश्यकता नही है अपितु उन्हे अपनी कमियों में सुधार कर फिर से उत्साह के साथ अगले मैचो में भागीदारी निभानी चाहिए, विशिष्ट अतिथि पत्रकार राजेश मेश्राम ने कहा कि हमारी हार और जीत बहुत कुछ हमारे नजरिये पर भी निर्भर करता है यदि हमने अपना लक्ष्य शिखर पर पहुंचने के लिए बनाया है तो नि:संदेह चुनौतियॉ तो मिलेगी ही पर कामयाबी मिलनी भी तय है। उन्होने खेलो को जीवन का महत्वपूर्ण अंग बताया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य हृदयराम चंद्रवंशी, जनपद सदस्य देवारूराम मालेकर, आपुक खॉ, पोखनराम साहू, भागवत पडौती, भुवनेश्वर दमगरे, ठाकुरराम यादव, मुकेश भुआर्य, नंदूराम कोसमा, पूनाराम कौशिक, मांगीराम कौशिक व उमरवाही निवासी फिरतुराम राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कबड्डी में बम्हनी प्रथम - जोंधरा में आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 52 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें ग्राम बम्हनी की टीम प्रथम, ग्राम बड़गांव की टीम द्वितीय, ग्राम रतनभाट तृतीय एवं ग्राम मोहगांव की टीम चतुर्थ स्थान पर रही । आयोजक समिति द्वारा विजेता टीमो को क्रमश: 7001, 5001, 3001, एवं 2001 रूपये के पुरस्कारो के साथ ही शील्ड व कप भी प्रदान किया गया । वहीं बेस्ट केचर, बेस्ट सर्विसर को अलग से पुरस्कार प्रदान किया गया ।



## सिरलगढ़ में बाल दिवस पर बाल मेला का आयोजन

### बाल मेले में बच्चे अपनी बनाई हुई वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाएं

**अम्बागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** प्राथमिक शाला सिरलगढ़, विकास खण्ड अम्बागढ़ चौकी,जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी में बालदिवस पर बाल मेला का आयोजित किया गया। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन 14 नवंबर को आता है। इस दिन को विशेष तौर पर 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि नेहरूजी को बच्चों से बहुत प्यार था और बच्चे उन्हें 'चाचा नेहरू' पुकारते थे। बाल दिवस बच्चों को समर्पित भारत का राष्ट्रीय त्योहार है। देश की आजादी में भी नेहरू का बड़ा योगदान था। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश का उचित मार्गदर्शन किया था।बच्चों द्वारा





बाल मेला में अपनी बनाई हुई वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई।नीलकंठ कोमरे ने कहा इस दिन को मनाने का मकसद बच्चों की खुशियों, उनके अधिकारों, और उनके उज्जवल भविष्य के लिए जागरूकता फैलाना है.बाल दिवस के अवसर पर केंद्र तथा राज्य सरकार बच्चों के भविष्य के लिए कई कार्यक्रमों की घोषणा करती है।बच्चों के रहन-सहन के स्तर ऊंचा उठाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इन्हें स्वस्थ, निर्भीक और योग्य नागरिक बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। यह बाल दिवस का संदेश है। बाल दिवस के अवसर पर नीलकंठ कोमरे द्वारा बच्चों कॉपी, पेन भेंटकर सभी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में योगेन्द्र कुमार देवांगन(प्रधान पाठक),नीलकंठ कोमरे, सालिक राम अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति,बीनू चन्द्रवंशी, सुमन चन्द्रवंशी, शशिकला, समीर,काव्या, निधि, प्रांजल, नागेंद्र, निगन, वासनिक सभी पालकगण ,गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

nandgaon times 18nov-3.qxd 11/17/2024 10:39 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में चर्चा में रहे ऑस्कर तूफ़ान का संबंध किस से है?*
*2) हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने किस देश को आधिकारिक रूप से मलेरिया मुक्त घोषित किया है?*
*3) सौ फ़ीसदी सौर ऊर्जा पर चलने वाला भारत का पहला केंद्र शासित प्रदेश कौन सा है?*
*4) अंग्रेजी समाचार पत्र लीडर की स्थापना किसने की?*
*5) हाल ही में, कालिदास सम्मान पुरस्कार 2023 से किसे सम्मानित किया गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) अटलांटिक महासागर (2) मिस्र (3) दीव (दादरा और नगर हवेली तथा दमन दीव) (4) मदन मोहन मालवीय (5) रघुपति भट्ट

***मधु मेह *** विश्व मधु मेह दिवस (चौदह नवंबर) पर विशेष



बख्शी गजेन्द्र

**गया आज परामर्श के लिये**
देख कर मेरा लक्षण,
थमा दिया पर्ची परीक्षण।
,लेकर आया जैसे रिपोर्ट,
बताया उसमे शुगर सपोर्ट।
फिर क्या था ====
चिकित्सक ने दे दिया बधाई,
मुझे कुछ समझ में ना आई।
हुआ मैं बहुत ही हैरान,
ये कैसा इलाज की दुकान।
चिकित्सक ने घंटी घनघनाई,
तुरन्त ही बुकलेट मंगवाई।
फिर क्या था =====
आगे जो बताया मैं हैरान था,
ये सब बचपन मे ही सुना था।
=====
गजड पजड़ अब नही खाना,
अपनी मन मर्जी नही चलाना।
सुबह उठ जाओ दौड़ लगाओ,
समय में खाओ सुबह नहाओ।
फिर क्या था======
अपने आप मे तरस आया,
बचपना फिर याद आया।
बीते वक्त लौट के आते है,
बुजुर्ग अनुभव समझाते है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** प्रिंस कालोनी लक्ष्मीनगर घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सलोनी टेकाम 45 वर्ष प्रिंस कालोनी लक्ष्मीनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीहजी 04 एच डब्ल्यू 0632 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाये ग्रामवासी - कलेक्टर

### हितग्राहियों को बैटरी स्प्रेयर, आईस बाक्स, मछली जाल, श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड का वितरण कर शासकीय योजनाओं से किया गया लाभान्वित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं का समाधान करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मोहारा में किया गया। शिविर में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत श्री भरत वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया। शिविर में मछली पालन विभाग के हितग्राहियों को आईस बाक्स, मछली जाल, कृषि विभाग के हितग्राहियों को मक्का बीज, बैटरी स्प्रेयर, उद्यानिकी विभाग के हितग्राहियों को सब्जी बीज वितरण किया गया। इसी तरह श्रम विभाग द्वारा 35 श्रमिकों को श्रमिक कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड वितरण सहित अन्य विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन्न और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई किया गया।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसी समस्याएं जिनका जिला स्तर पर समाधान हो सकता है उन समस्याओं का निराकरण आज इस जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की कई ऐसी योजनाएं संचालित है जो पात्रता होते हुए भी नागरिक नहीं लाभ ले पाते हैं। इसके लिए शासन-प्रशासन इस तरह के शिविर आयोजित कर जनसामान्य को योजनाओं की जानकारी देते है, ताकि लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने सभी को इसका अवलोकन कर लाभ लेने कहा। अवलोकन के बाद ही पता चलता है कि किन-किन योजनाओं के लिए पात्र हैं, यह बहुत अच्छा अवसर है इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ रहेगा तो गांव स्वस्थ होगा। उन्होंने कहा कि गांव को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी गांव वालों की होती है। घर और दुकान के कचरे को बाहर नहीं फेकने कहा। स्वच्छता दीदीयों को गीला और सूखा कचरा को अलग-अलग देने कहा। इसके साथ ही निर्धारित शुल्क को समय में देने कहा।



कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि शासन की धान खरीदी बहुत बड़ी योजना है। उन्होंने बताया कि 14 नवम्बर को धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने किसानों को वास्तविक उपज को ही धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय करने कहा। ऋण पुस्तिका को किसी भी अन्य व्यक्ति एवं कोचियों को नहीं देने कहा। जिससे उनके धान को कोई अन्य व्यक्ति विक्रय नहीं कर सके। शासन की राशि बचने से गांव की जरूरतमंद लोगों को शासकीय योजनाओं के माध्यम से बहुत अच्छा लाभ मिल सकेगा। उन्होंने किसानों को जागरूक होने कहा। उन्होंने ग्रामीणों को ग्रामसभा को मजबूत करने कहा। ग्रामसभा में पात्र व्यक्तियों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके यह सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने सभी को स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्भवती, शिशुवती, किशोरी बालिकाओं, महिलाओं को हिमोग्लोबिन और सिकलसेल का परीक्षण कराने कहा। उन्होंने किशोरी बालिकाओं को अच्छा पौष्टिक आहार लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि भू-जल स्तर में कमी आई है ज्यादा मात्रा में भू-जल का दोहन किया जा रहा है। उन्होंने बारिश का जल संरक्षण के लिए नाला बंधान, तालाब निर्माण जैसे छोटे-छोटे स्ट्रक्चर का निर्माण करने कहा, जिससे भू-जल स्तर को बढ़ाया जा सके। पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाने कहा। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए योजनाओं के तहत कार्य किए जाते हैं उसका सही तरीके से उपयोग करने कहा। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री भरत वर्मा ने कहा कि सरकार जिला प्रशासन के माध्यम से एक छत के नीचे में सभी विभागों के अधिकारी समस्या के निदान के लिए यहां उपस्थित है। सरकार की मंशा है कि हम आपके दुआर और घर में पहुंचर शासन की सभी जनकल्याणकारी योजना की जानकारी दें। योजना का लाभ कैसे अंतिम व्यक्ति को मिले इस उद्देश्य को लेकर सरकार के माध्यम से जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यहां कई हितग्राही एवं ग्रामीण अपनी-अपनी समस्या को लेकर उपस्थित है, जिसका निराकरण किया जाएगा। जिला स्तरीय अधिकारियों ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी है। योजनाओं की जानकारी नहीं होने के कारण लोग इसका लाभ नहीं ले पाते हैं।

# ग्राम घोटिया में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर छुरिया विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम घोटिया में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि शिविर में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम घोटिया को एनीमिया मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया गया। स्वास्थ्य सुरक्षा, शिक्षा, संस्कार, सुपोषण अभियान के माध्यम से गांव को स्वस्थ बनाने एवं किशोरी बालिकाओं को समय-समय पर प्रशिक्षण देकर जागरूक करने कहा गया, जिससे मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु नहीं हो। साथ ही दादी-मां का बटुआ अर्थात रसोई में उपलब्ध वस्तुओं के आधार पर स्वस्थ रहने का नुस्खा भी बताया गया। कार्यक्रम में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, सिकल सेल, एनीमिया एवं अन्य स्वास्थ्य जांच की गई। जांच में 7 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन के 4 मरीज, 7 ग्राम हीमोग्लोबिन से अधिक 114 मरीज पाए गए। वही 10 ग्रामीणों की सिकल सेल जांच की गई, जो नेगेटिव पाया गया। बीपी के 25 मरीज एवं शुगर के 2 मरीज मिले। स्वास्थ्य शिविर में 260 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। जिसमें 35 पुरुष एवं 82 महिलाओं की जांच की गई। शिविर में स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार मरीजों को नि:शुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर खेलकूद, कुर्सी दौड़, मोमबत्ती दौड़ एवं अन्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के पर्यवेक्षक सुदेश कुमार टेंबुरकर, डागेश्वर राय, मुकेश गुनेंद्र, ब्लॉक समन्वयक अनीता ध्रुव, मितानिन प्रेरक भैरव निर्मलकर, पार्वती मांडवी, भारती सिन्हा एवं संकुल की सभी मितानीनों, ग्राम के पटेल रेखा राम यादव, ईश्वर, दिलीप मांडवी, दिनेश मांडवी, अमेरिका बाई, पीतांबर एवं ग्राम के पटवारी तथा सचिव सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम मुसराकला में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम मुसराकला में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने हितग्राहियों को निर्धारित मापदंड में समय पर आवास निर्माण पूर्ण करने कहा। उन्होंने निर्धारित समय में आवास निर्माण पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित करने की बात कही। सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम मुसराखुर्द के पूर्व के स्वीकृत हितग्राही श्री खेमचंद पाटिला के अति जर्जर आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राही की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण ग्राम पंचायत से विशेष पहल कर सहयोग से उनका आवास निर्माण करने निर्देशित किया गया।



# कलेक्टर कृषि मेला सह कृषक संगोष्ठी में हुए शामिल

### कृषि ड्रोन तकनीकी का जीवंत प्रदर्शन कृषकों के समक्ष किया गया, कलेक्टर ने कृषकों को मक्का की खेती करने के लिए किया प्रोत्साहित




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल कृषि विज्ञान केन्द्र प्रक्षेत्र सुरगी में आयोजित कृषि मेला सह कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर ने कृषकों को मक्का की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने किसानों से मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभ के बारे में बताया और किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड से मिट्टी में पोषक तत्वों के संबंध में जानकारी मिलती है। जिससे अनुरूप जिन पोषक तत्वों की कमी है, उसकी पूर्ति कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से मौसम आधारित खेती एवं सामूहिक खेती करने की सलाह दी। कलेक्टर ने संतुलित उर्वरक के प्रयोग करने, मृदा के पोषक तत्वों की उपलब्धता को बढ़ाने, मृदा में उपस्थित सूक्ष्म जीवों के खेती-किसानी में महत्व के बारे में बताया। उन्होंने किसानों को रासायनिक खेती की तुलना में प्राकृतिक खेती से आय में वृद्धि करने की सलाह दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मृदा स्वास्थ्य, मृदा में कार्बन की मात्रा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को फसलों की सुरक्षा व कृषि कार्य में उच्च तकनीक को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्रधान वैज्ञानिक भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल डॉ. आर. इलनचेलियन ने जिले की मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रस्तुत किए एवं कृषकों को मृदा स्वास्थ्य बढ़ाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने केन्द्र की विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने केन्द्र में संचालित केन्द्र सरकार के बीज उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गत 40 हेक्टेयर में चना, मॉडल विलेज के अंतर्गत में 200 एकड़ में सरसों, सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन अंतर्गत 75 एकड़ अलसी व केन्द्र के प्रक्षेत्र पर बीज उत्पादन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. नूतन रामटेके ने गाय के कोसली प्रजाति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इफ्को रायपुर के डॉ. एस.के. सिंह ने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और एनपीके कंसोटिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इसके उपयोग से रासायनिक उर्वरक की मात्रा में कमी आती है, जिससे मृदा उर्वरकता बढ़ती है। साथ ही साथ वेस्ट डी कम्पोजर के प्रयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में आदिवासी उपयोजना (टीएसपी) अंतर्गत में 300 लाभान्वित कृषकों को चना 12.60 क्विंटल, बरबट्टी 70 किलोग्राम एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया। अनुसूचित जनजाति के उपयोजना अंतर्गत आदिवासी कृषकों को अनाज वाली फसलों के बाद दलहनी व तिलहनी फसलों को लगाने एवं मिट्टी की उर्वराशक्ति को बनाये रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान कृषि ड्रोन तकनीकी का जीवंत प्रदर्शन कृषकों के समक्ष किया गया।



## धर्म समाचार....

# कब है उत्पन्ना एकादशी और विवाह पंचमी? मार्गशीर्ष माह के त्योहार




मार्गशीर्ष माह में जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही दान करना शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सच्चे मन से उपासना करने से घर में सुख-शांति का वास रहता है। साथ ही परिवार के सदस्यों में वाद-विवाद की समस्या दूर होती है। इस माह में श्रद्धा अनुसार दान करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। पंचांग के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा के बाद मार्गशीर्ष का महीना शुरू हो जाता है। ऐसे में मार्गशीर्ष माह की शुरुआत आज यानी 16 नवंबर से हो गई है। इसका समापन 15 दिसंबर को होगा। इस माह में कई त्योहार मनाए जाते हैं। जैसे कि गणाधिप संकष्टी चतुर्थी, कालभैरव जयंती, विवाह पंचमी, गीता जयंती और मोक्षदा एकादशी समेत आदि। जिनका सभी का विशेष महत्व है, तो ऐसे में चलिए मार्गशीर्ष के त्योहार और व्रत की डेट के बारे में जानते हैं।

**मार्गशीर्ष 2024 व्रत और त्योहार की पूरी लिस्ट**

16 नवंबर को वृश्चिक संक्रांति है।, 18 नवंबर को गणाधिप संकष्टी चतुर्थी मनाई जाएगी। 22 नवंबर को कालभैरव जयंती है। 23 नवंबर को कालाष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। 26 नवंबर को मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की उत्पन्ना एकादशी व्रत किया जाएगा। 28 नवंबर को प्रदोष व्रत है। 29 नवंबर मासिक शिवरात्रि का त्योहार मनाया जाएगा। 30 नवंबर को दर्श अमावस्या है। 06 दिसंबर को विवाह पंचमी है। 07 दिसंबर को चंपा षष्ठी है। 08 दिसंबर भानु सप्तमी मनई जाएगी। 11 दिसंबर को गीता जयंती और मोक्षदा एकादशी है। 12 दिसंबर को मत्स्य द्वादशी है। 13 दिसंबर को प्रदोष व्रत व्रत किया जाएगा। इस दिन महादेव की पूजा संध्याकाल में होती है।14 दिसंबर को दत्तात्रेय जयंती मनाई जाएगी। 15 दिसंबर को धनु संक्रांति और मार्गशीर्ष पूर्णिमा है।

**गणाधिप संकष्टी चतुर्थी 2024 शुभ मुहूर्त**

मार्गशीर्ष माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 18 नवंबर, शाम 06 बजकर 55 मिनट से शुरू हो रही है, जो अगले दिन यानी 19 नवंबर दोपहर को शाम 05 बजकर 28 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में गणाधिप संकष्टी चतुर्थी का व्रत 18 नवंबर को किया जाएगा। इस दिन शाम के समय चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाता है। ऐसे में चन्द्रोदय शाम 07 बजकर 34 मिनट पर होगा।

**उत्पन्ना एकादशी 2024 शुभ मुहूर्त**

पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 26 नवंबर को देर रात 01 बजकर 01 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 27 नवंबर को देर रात 03 बजकर 47 मिनट पर होगा। ऐसे में 26 नवंबर को उत्पन्ना एकादशी व्रत किया जाएगा।

**विवाह पंचमी 2024 शुभ मुहूर्त**

पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 05 दिसंबर को दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन यानी 06 दिसंबर को दोपहर 12 बजकर 07 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि मान है। अत: 06 दिसंबर को विवाह पंचमी मनाई जाएगी।

## अगहन मास शुरू, 15 दिसंबर तक रहेगा

अगहन महीना शुरू हो गया है। जो 15 दिसंबर तक रहेगा। इस महीने सुख-समृद्धि के लिए शंख और लक्ष्मी जी की पूजा करने की परंपरा है। सूर्य को जल भी चढ़ाते हैं। इससे हर तरह के दोषों से मुक्ति मिलती है। मान्यता है, इस महीने किए गए स्नान-दान, व्रत और पूजा-पाठ से अक्षय पुण्य मिलता है। श्रीकृष्ण का प्रिय महीना होने से अगहन मास में यमुना नदी में नहाने का विधान ग्रंथों में बताया है। इससे हर तरह के दोष खत्म हो जाते हैं। इस महीने के आखिरी दिन यानी पूर्णिमा पर चंद्रमा मृगशिरा नक्षत्र में रहता है। इसलिए इसे मार्गशीर्ष कहा गया है। अगहन मास की दोनों एकादशी खास अगहन महीने के कृष्ण पक्ष की ग्यारहवीं तिथि को उत्पन्ना एकादशी कहते हैं। पौराणिक कथा के मुताबिक इस तिथि पर भगवान विष्णु से एकादशी प्रकट हुई थी। इसलिए इसे उत्पन्ना कहते हैं। वहीं, शुक्ल पक्ष की एकादशी को मोक्ष देने वाली होती है। पुराणों के मुताबिक इस तिथि पर भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता सुनाई थी। इसलिए गीता जयंती इसी तिथि पर मनाते हैं। सुख-समृद्धि के लिए शंख और लक्ष्मी पूजा इस महीने में शंख पूजा करने की परंपरा है। अगहन मास में किसी भी शंख को श्रीकृष्ण का पांचजन्य शंख मानकर उसकी पूजा की जाती है। इससे कृष्ण प्रसन्न होते हैं। साथ ही इस महीने देवी लक्ष्मी की भी पूजा करनी चाहिए। शंख को देवी लक्ष्मी का भाई माना जाता है। इसी कारण लक्ष्मी पूजा में शंख को भी खासतौर से रखते हैं। लक्ष्मी जी और शंख पूजा करने से सुख-समृद्धि बढ़ती है। इस महीने हर दिन श्रीकृष्ण की बाल स्वरूप में पूजा करना चाहिए। सूर्यदेव की पूजा का होता विशेष महत्व अगहन महीने में भगवान सूर्य की पूजा का भी विशेष फल है। ग्रंथों में बताया गया है कि इस महीने में रविवार को उगते हुए सूरज को जल चढ़ाने से हर तरह के दोष और पाप खत्म हो जाते हैं। अगहन महीने में रविवार को बिना नमक का व्रत करना चाहिए। ऐसा करने से कुंडली में ग्रह-नक्षत्रों के अशुभ फल में कमी आती है।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# धान चावल की अफरातफरी के मामले की जाँच ईडी और सीबीआई से कराने की माँग तुल पकड़ने लगी




**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** राईस मिलर के छापामारी के बाद राईस मिलरॉ में जिस प्रकार से हड़कंप मचा हुआ है उसके बाद जिम्मेदार अधिकारियों में उचित कार्यवाही नहीं होने से कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है. सूत्रों की मानें तो मामले का खुलासा होने के बाद परत दर परत कई प्रकार के राज उजागर होने लगे है वहीं जिम्मेदार अधिकारी पुरे मामले को लेकर एतिहात बरतते हुए जानकारी देने से पीछे हटने लगे है.

ज्ञात हो कि डोंगरगढ़ एसडीएम की छापेमार कार्यवाही से राईस मिलो में हड़कंप मच गया था और शिकायत थी कि धान खरीदी से पहले कुछ मिलरो के द्वारा बाहर का धान संग्रण कर आखिरी में समिति प्रबन्धको से सांठगाँठ कर शासन को करोड़ों रु चूना लगाने का खेल प्रतिवर्ष खेला जाता है जिसकी शिकायते मिलते रही है परंतु किसी भी राईस मिलर के विरुद्ध अभी तक कार्यवाही नहीं की गई थी किंतु इस वर्ष सूचना मिलने के बाद जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेश पर डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों कर्मचारियो की टीम गठित कर शहर स्थित अरोरा राईस मिल में छापेमार कार्यवाही की गई. जिसमें अरोरा इंडस्ट्रीज प्रो. बसंत कौर अरोरा पति जनरैल सिंह अरोरा के राईस मिल का स्टॉक पंजी की जांच व भौतिक सत्यापन करने पर मिल परिसर में 05 स्टॉक धान का होना पाया गया एवं मिल के बाहर पोल्ट्री फॉर्म चौथना में 01 स्टॉक धान का होना पाया गया और मिल परिसर में 5798 क्विंटल उसना चावल पाया गया जिसके मिलान के बाद राईस मिल में अनुमानित स्टेकवार में कुल 106000 कट्टा धान पाया गया. जाँच के बाद कुल 37555.80 क्विंटल धान का होना पाया गया. मौके पर उपस्थित स्टॉक रजिस्टर जाँच किया गया जिसमें 37319 क्विंटल पाया गया जो कि मिलान करने पर 236.80 क्विंटल धान अधिक होना पाया गया. अतिरिक्त मिले धान की जप्ती बनाकर मंडी अधिनियम की धारा 23 एवं 19(4) के तहत कार्यवाही प्रतिपादित की गई. इस उजागर के बाद जानकारी मिली कि गुरुदेव इंडस्ट्रीज महाराजपुर के द्वारा अन्य देशों में बड़े पैमाने पर राज्य और केंद्र सरकार को करोड़ो व अरबो का चूना लगाते हुए उसना चावल



**मामला- अरोरा इंडस्ट्रीज व गुरुदेव इंडस्ट्रीज महाराजपुर द्वारा विदेशो में उसना चावल सप्लाई का.**

की सप्लाई की जा रही है. सूचना के बाद मौके पर पहुँचते ही देखा गया कि संदिग्ध राईस मिलरॉ के द्वारा धड़ल्ले से देखा गया कि इस गोरखधंधे को लंबे समय से अंजाम दिया जा रहा है. इसको लेकर जानकार सूत्र बताते है कि अविभाजित छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया अजीत जोगी के शासन काल से समर्थन मुल्यो पर धान खरीदी का कार्य प्रारंभ किया गया था और उस समय से लेकर अभी तक राईस मिलरॉ के द्वारा समिति प्रबंधको से मिलीभगत धान के सुखत का खेल की शुरुआत हुई. इस सुखत के खेल में कई राईस मिलर से लेकर कई समिति प्रबंधकों के द्वारा इस खेल की शुरुआत धड़ल्ले से की गई और यह खेल इस अंजाम तक पहुँच गया कि समिति प्रबंधक, राईस मिलर अनाप शनाप मंजर तक इस खेल को पहुँचाने लगे जिसको देखकर प्रदेश के मुखिया सख्त कदम उठाते हुए इस खेल को समाप्त करने कठोर निर्णय लिया जिसके बाद कई समिति प्रबंधक व राईस मिलर जेल की हवा खा रहे है. इसको देखते हुए पिछले कुछ वर्षो से कुछ समिति प्रबंधक सही होने के बाद भी इस निर्णय का शिकार होने लगे जिसके बाद समिति प्रबन्धको द्वारा कई प्रकार का आंदोलन प्रारम्भ किया गया. जानकार बताते है कि धान खरीदा के समय समिति प्रबंधक



इस नियमो का हवाला देकर प्रति कट्टा जिसमें 40 ग्रद्द का तौल होता है उसके विरुद्ध सुखत का हवाला देते हुए किसान से लगभग 1 से 1.25 ग्रद्द की मात्रा से अधिक धान लेकर खरीदी करने की परम्परा प्रारंभ कर दी गई है जिसके कारण डोंगरगढ़ एसडीएम के द्वारा 14 नवम्बर 1024 दिन गुरुवार को अरोरा एग्रो इंडस्ट्रीज में धान का 05 स्टॉक जाँच करने पर 236.80 क्विंटल धान अधिक मात्रा में पाया गया और इस खुलासे के बाद राईस मिलरो का राज परत दर परत उजागर हो जाने की बताई जाती है तो दूसरी तरफ कुछ राईस मिलरो के द्वारा अलग अलग ब्रांडेड कंपनियों के नाम से उसना चावल की पैकिंग कराकर रेल के माध्यम से दूसरे देशों भेजा जा रहा है जिससे राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार को करोड़ो अरबो का नुकसान होना बताया जा रहा है. जानकारों का दावा है इस पुरे मामले की जाँच राज्य स्तर पर कराने के बजाए केंद्र शाषित ईडी एवं सीबीआई के माध्यम से कराना चाहिए जिससे इस लंबे समय से चल रहे इस गोरखधंधा का भांडाफोड़ हो पायेगा।

## दाऊटोला में धूमधाम से मनाया गया बाल मेला

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दाऊटोला में 14 नवंबर गुरुवार को बाल दिवस और बाल



मेला धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राएं स्वादिष्ट व्यंजन का स्टाल लगाया। बाल मेला में बड़ा समोसा चाइनीस पकोड़ा मिर्ची भजिया गुपचुप चाय चाट भेल छोले भटूरे जैसे स्थानीय व्यंजनों का स्टाल लगाए साथ ही छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामाधार हिरवानी जनपद सदस्य अंबागढ़ चौकी सुरुज श्याम सरपंच शाम साए साहू निमेश श्याम, मंडावी एवं अन्य गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अन्य शालाओं के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित होकर बच्चों के द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। बच्चों ने स्टाल के माध्यम से व्यंजनों का विक्रय कर क्रय विक्रय की वाणिज्यिक जानकारी ली कार्यक्रम कीअध्यक्षता डी एल ठाकुर प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दाऊ टोला ने किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार देवांगन के द्वारा किया गया शाला के शिक्षक शिक्षकों के मार्गदर्शन में बाल मेला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राम साय बघेल मुरलीधर वैष्णव ललित साहू खेमप्रसाद ठाकुर छगनलाल सिन्हा सतीश कुमार ,धर्मेंद्र एमिली चंद्रा रजक श्वेता शर्मा क्षमा पटेल, हृदय टंडन, अनिल साहू, जितेश साहू सहित सभी कर्मचारी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## खुज्जी में बाल दिवस और बाल मेला का आयोजन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी में प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बालदिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शाला में बालसभा एवं बालमेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष उत्तमचन्द नाहटा थे। इनके अलावा समिति के सदस्य गण मुरली प्रसाद निषाद,राजेंद्र यादव साहू, छन्नू लाल वर्मा,शोभित साहू,अशोक मालेकर, प्र. प्राचार्य गुमान साहू, सभी शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे मुख्य अतिथि श्री नाहटा और प्र. प्राचार्य गुमान साहू के द्वारा पं जवाहरलाल नेहरू के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। पश्चात बच्चों के द्वारा गीत नृत्य के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद बच्चों ने विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। मुख्य अतिथि श्री नाहटा ने अपने मुख्य आतिथ्य के उद्बोधन में पं. जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला और बच्चों को बाल दिवस की बधाई दिया। शाला की ओर से सांस्कृतिक



कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू ने कहा कि नेहरू जी एक विराट व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने ऐसे समय में देश का नेतृत्व किया जबकि देश में चारों ओर भूख , दरिद्रता और गरीबी थी। उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व से देश को संकटों से बाहर निकाला और देश को आगे बढ़ाया। आर्थिक रूप से कमजोर होने के बाद भी नेहरू ने देश को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति दिलाई क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वयं नेहरू जी का व्यक्तित्व तात्कालीन समय में बहुत प्रभाशाली था।अपने दूरगामी सोच से नेहरू ने उस समय के अनेक वैश्विक समस्याओं के समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बच्चों को बधाई के साथ साथ आगंतुक अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन किया गया।कार्यक्रम का संचालन छात्र संघ प्रभारी व्याख्याता रूपेश नागपुरे के द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला नायक आदित्य रंगारी,सचिव लोमेश्वर साहू,लक्ष्मी साहू, नागेश राजपूत,परमेश्वर देवांगन,गगन साहू,सागर साहू का विशेष योगदान रहा।

## छंद के छ के राज्य स्तरीय सम्मेलन में जिले के छंदकार शामिल हुए

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वर्ष2016 में गठित छंद के छ परिवार छत्तीसगढ़ द्वारा छंदविद् अरूण कुमार निगम के मार्गदर्शन और वरिष्ठ छंदकार बलराम चंद्राकर, विजेन्द्र वर्मा, गजराज दास महंत के संयोजन में कूर्मि भवन भिलाई में दीपावली मिलन और राज्य स्तरीय छंदमय छत्तीसगढ़ी कवि गोष्ठी, पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार संतोष झांझी थी एवं अध्यक्षता ईश्वरी वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय वर्तमान वरिष्ठ साहित्यकार, डा. परदेशी राम वर्मा वरिष्ठ साहित्यकार, डॉ. बल्दाऊ राम साहू, लतीफखान वरिष्ठ गजलकार, सूर्यकांत गुप्ता,नरेंद्र देवांगन की उपस्थिति रही। इस अवसर पर पुस्तक विमोचन भी हुआ। कृतिकारों की कृति पर चर्चा की गई। कृतिकारों ने अपने भाव को व्यक्त किया।छंद के छ के संस्थापक अरूण कुमार निगम ने छंद के छ के गठन के उद्देश्य पर प्रकाश डालने के साथ ही संस्था की अब तक की



उपलब्धि पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने छंद के छ परिवार के आनलाइन कक्षा, पुस्तक प्रकाशन, स्थापना दिवस समारोह और दीपावली मिलन समारोह जैसी गतिविधियों की जमकर तारीफ की। वीदित हो कि छंद के छ परिवार छत्तीसगढ़ द्वारा अभी तक कुल 27 सत्र के माध्यम से 300 से अधिक छंदकार आनलाइन कक्षा के माध्यम से छत्तीसगढ़ी साहित्य को समृद्ध कर रहे है। भिलाई में आयोजित इस राज्य स्तरीय सम्मेलन और दीपावली मिलन समारोह में राजनांदगांव जिले के छंदकार भी शामिल होकर कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। छंदमय छत्तीसगढ़ी कवि गोष्ठी में काव्य पाठ कर अतिथियों से सम्मानित जिले के छंदकार में महेन्द्र कुमार बघेल मधु, राम कुमार चंद्रवंशी, ओमप्रकाश साहू अंकुर, राज कुमार चौधरी रौना, नंद कुमार साहू नादान, हेम लाल सहारे, रोशन लाल साहू सम्मिलित है। कार्यक्रम का संचालन अजय साहू अमृतांशु,जितेन्द्र कुमार वर्मा खैरझिटिया, बलराम चंद्राकर, कमलेश वर्मा ने किया।

## 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभांरभ समारोह का आयोजन 18 नवम्बर 2024 को सुबह 10 बजे दिग्जिवय स्टेडियम किया गया है। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता घासी साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती हेमा देशमुख द्वारा किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री विक्रांत सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति श्री खूबचंद पारख, पूर्व अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास श्री संतोष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत श्री भरत वर्मा, पूर्व चेयरमेन छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन श्री नीलू शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष कृषि उपज मण्डी श्री कोमल सिंह राजपूत एवं समाजसेवी श्री राजेन्द्र गोलछा उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक 14 वर्ष व 17 वर्ष एवं बालिका 14 वर्ष के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

## शिव के बिना जीवन शव के समान हैए शिव ही जीवन है . बालयोगी विष्णु अरोड़ा



**शिवकथा से ज्ञान प्राप्त होता है और ज्ञान से ही हमे मोक्ष व मुक्ति मिलती है. विष्णु अरोड़ा**

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के मां दंतेश्वरी मंदिर पहाड़ी व मंदिर परिसर से भक्ति व ज्ञान की गंगा बहने लगी है। रविवार से प्रारंभ हुई सात दिवसीय श्रीमद शिवमहापुराण कथा के पहले दिन मध्यप्रदेश रतलाम से पधारे बाल योगी विष्णु अरोड़ा ने कहा की शिव ही जीवन है और शिव ही शक्ति का स्वरूप है। उन्होने कहा की यदि जीवन से शिव निकल जाए तो यह जीवन शव के समान है। शिवमहापुरण कथा का महत्व समझाते हुए कहा की ज्ञान व भक्ति की मार्ग से हम मुक्ति व मोक्ष प्राप्त कर सकते है। नगरवासियो एवं सुजन निकेतन द्वारा आयोजित श्रीमद शिवमहापुरण कथा के पहले दिन कथावाचक बालयोगी विश्णु अरोडा ने भगवान षिव एवं शिवपुराण कथा की महिमा बताई। उन्होने कहा की भगवान शिव की साधना व स्मरण मात्र से ही मुक्ति व मोक्ष प्राप्त हो जाता है। कथावाचक ने कहा की जीवन में सबसे मूल्यवान कोई चीज है तो वह मोक्ष ही है। श्री अरोड़ा जी ने बताया की शिव कथा ज्ञान प्रधान है। और ज्ञान का लक्ष्य मोक्ष ही होता है। यदि हम श्रेष्ठ संकल्प लेकर मन से शिव का स्मरण व साधना करे तो मोक्ष एवं मुक्ति दोनो प्राप्त हो जाती है। उन्होने कहा की ज्ञान व भक्ति की साधना से हमे वह प्राप्त हो जाता है जिसके लिए हमने यह जीवन प्राप्त किया है। जीवन का कोई चरम सुख व आनंद है तो मोक्ष व मुक्ति में ही है। कथा के पहले दिन कलष यात्रा व शोभा यात्रा तथा वेदी पूजन में समय अधिक हो जाने के कारण कथावाचक ने समय की मर्यादा को ध्यान रखते हुए मात्र एक घंटे की कथा सुनाई। इस दौरान उन्होने भगवान शिव व शिवमहापुराण कथा की महिमा बताते हुए लोगो से षिव की भक्ति से जुड़ने का आहवान किया।

**शिवहनुमान मंदिर से निकली शोभायात्रा**

श्रीमद षिवमहापुरण कथा का शुभारंभ शोभायात्रा व कलश यात्रा से हुई। कलष यात्रा नगर के ट्रायबल कालोनी वार्ड 4 स्थित शिवहनुमान मंदिर से प्रारंभ हुआ। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग होते हुए लाल भीष्मदेव शोह चौक, गुप्ता चौक, डॉ आम्बेडकर चौक, बस स्टैन्ड होते हुए मां दंतेंश्वरी मंदिर पहाड़ी में कथास्थल में आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत व पुष्प वर्षा की गई। यात्रा में कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोड़ा व परायाणकर्ता पंडित पवन तिवारी, यजमान द्वय शोभाशंकर त्रिपाठी, राजेन्द्र मंडावी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिल मानिकपुरीए पार्षद शंकर निशाद, मनीष बंसोड, मुकेश सिन्हा, समाजसेवी मोंटी खंडेलवाल, अफसान खान, आशीष कसार, पिन्टू तिवारी, भोजराज कौशिक, दीनदयाल साहू, विनोद डेहरिया, लोकदीप बोरकर, शमीमुद्दीन कुरैशी, सिद्धु खंडेलवाल, रामचरण सारथी, भुनेश्वर देवागन, स्वरूप यादव, सहित बड़ी संख्या में नगरवासी व माताए व बहने शामिल हुई।

**श्रीमद भागवत भक्ति का तो शिवमहापुरण ज्ञान प्रधान**

श्रीमद शिवमहापुरण कथा के पहले दिन कथावाचक बालयोगी ने कथा व कहानी के अंतरो का सरल शब्दों में समझाया। उन्होने धर्मअनुरागियो को बताया की श्रीमद भागवत कथा भक्ति प्रधान ग्रंथ है। यंहा ध्रुव प्रहलाद सुदामा जैसे भक्तो की निश्चल भक्ति को जानने को मिलता है। जबकि श्रीराम कथा व रामचरित मानस ग्रंथ कर्म प्रधान है। कथावाचक ने बताया की श्रीमद भागवत कथा में भक्तो व भक्ति की वर्णन मिलते है जबकि श्रीराम कथा में कर्म प्रधान है। यंहा कर्म के महत्व व उत्तरदायित्व को समझाया गया है। यंहा पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुहण हनुमान




जैसे कर्मयोगी की अप्रतिम भक्ति व उनके श्रेष्ठ कर्म के जानने को मिलता है। जबकि श्रीमद शिवमहापुरण व शिव कथा ज्ञान प्रदान करती है। और ज्ञान से ही भक्ति प्राप्त होती है। और जीवन का लक्ष्य मिलता है। शिवकथा से ही मुक्ति व मोक्ष का द्वार खुलता है।

**आज कथा में शिव सती प्रसंग**

श्रीमद शिवमहापुराण कथा के दुसरे दिन मां दंतेश्वरीमंदिर पहाड़ी परिसर में कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोड़ा द्वारा कथा के दुसरे दिन शिव सती का प्रसंग व षिव महिमा सुनाई जाएगी। कथा दोपहर दो बजे से सांय 5 बजे तक चलेगी। आयोजन समिति के प्रमुख नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने धर्मअनुरागियो व शिव भक्तो से कथा का आनंद उठाने की अपील की है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com